प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से सनातन मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा और तकनीक अपनाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी–नशा तस्करों की सूचना अब ह्वाट्सऐप पर दे सकेंगे लोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुसार अस्थाई नियुक्तियों से युवाओं का भविष्य असुरक्षित–सरकार से इंगेजमेंट पॉलिसी वापिस लेने का किया आग्रह।
- भाजपा कोर कमेटी का गठन–नड्डा, जयराम और अनुराग ठाकुर समेट 12 सदस्य शामिल।
- सभी स्कूलों में संविधान दिवस मनाना अनिवार्य–शिक्षा निदेशालय ने जारी किए दिशा–निर्देश।

अब समाचार विस्तार से.....

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेशवासियों से हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया है। अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जुड़ने के साथ आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके खिलाफ़ जन आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया । राज्यपाल ने प्रदेश की देव परंपराओं, लोक कथाओं, लोक संगीत और धार्मिक मेलों के दस्तावेजीकरण तथा डिजिटल संरक्षण पर भी जोर दिया।इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, नशामुक्त हिमाचल, महिलाओं का सम्मान, स्वदेशी को बढ़ावा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जल्द ही विशेष व्हाट्सएप चैटबॉट शुरू करेगी, जिसके माध्यम से लोग अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए नशा तस्करी से जुड़ी सूचनाएं दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार के प्रयासों से नहीं जीती जा सकती बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों और शिक्षकों से एंटी–चिट्टा अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार की इंगेजमेंट पॉलिसी–2026 पर सवाल उठाए हैं। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि सरकार अस्थायी नियुक्तियों के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि पॉलिसी के तहत आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और फार्मेसी संस्थानों में अस्थायी शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। जयराम ठाकुर ने सीबीएसई स्कूलों में 11 महीने का वेतन देने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद इन शिक्षकों के भविष्य को लेकर भी सरकार के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है। उन्होंने सरकार से इंगेजमेंट पॉलिसी वापस लेकर युवाओं के लिए नियमित नौकरियों का प्रबंध करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल का विस्तार करना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने इस पर रोक लगा रखी है।

भाजपा कोर ग्रुप

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आदेशानुसार हिमाचल प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश कार्यालय से जारी सूची के अनुसार प्रदेश कोर कमेटी में 12 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसमें केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिन्दल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश महामंत्री (संगठन) सिद्धार्थन, सांसद

सुरेश कश्यप, अनुराग ठाकुर, राजीव भारद्वाज, सिकंदर कुमार विधायक सतपाल सिंह सत्ती, विपिन सिंह परमार, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य और संजीव कटवाल का नाम शामिल है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और प्रदेश सह प्रभारी दर्शना सिंह को स्थान दिया गया है ।

संविधान दिवस

प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सभी उपनिदेशकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और सुबह की प्रार्थना सभा में संविधान की प्रस्तावना का संकल्प लिया जाएगा। सभी स्कूलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो कार्यक्रमों की तस्वीरें जियो टैगिंग के साथ उसी दिन गूगल ट्रैकर पर अपलोड करेगा। शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूल प्रमुखों को इन निर्देशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है ।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने एशिया पावर इंडेक्स–2026 में भारत के तीसरे स्थान पर बने रहने को देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव लगातार मजबूत हुआ है। लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया पावर इंडेक्स में अमेरिका पहले, चीन दूसरे और भारत 40. 5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। कश्यप ने कहा कि मजबूत विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से देश की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

अनुराग शर्मा

राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने स्वच्छ पेयजल और लंबित सिंचाई परियोजनाओं पर केंद्र से गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। संसद की जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में उन्होंने प्रदेश का पक्ष रखा और परियोजनाओं को मंजूरी देने की मांग उठाई। सांसद ने कहा कि हिमाचल की परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं, ऐसे में जनहित में इन्हें प्रमुखता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में सहयोग का आश्वासन मिला है।

लाहौल

लाहौल घाटी के तेलिंग गांव में जिपलाइन निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वन अधिकार समिति के विरोध के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। समिति का आरोप है कि बिना एनओसी निर्माण किया जा रहा है और प्रशासन से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। अधिक जानकारी के साथ हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता

हाईकोर्ट

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर को त्रिपुरा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह सिफारिश त्रिपुरा हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश का कर्नाटक हाईकोर्ट में स्थानांतरण किए जाने के बाद की गई है। कॉलेजियम की इस सिफारिश के बाद न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर त्रिपुरा हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **हिमाचल में नशा तस्करी की गुप्त सूचना देने के लिए शुरू होगा विशेष ब्हाट्सएम चैटबॉट।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **नशे के खात्में को चाहिए हर हिमाचली का सहयोग।**

मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर की छुट्टियों पर रोक शीर्षक से अमर उजाला लिखता है **स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए आदेश, एक अप्रैल के बाद पदोन्नत सहायक प्रोफेसर आएंगे दायरे में।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **बिजली बिल जमा नहीं किया तो बिना नोटिस कटेगा कनेक्शन।**

दैनिक भास्कर की एक सुर्खी है **प्रदेश में बसेंगे चार नए शहर–हजारों परिवारों को मिलेंगे आशियाने।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है **कोहरा घिरने से सुबह–शाम हाड़ कंपाने वाली ठंड–रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना।**

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से सनातन मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा और तकनीक अपनाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी–नशा तस्करों की सूचना अब ह्वाट्सऐप पर दे सकेंगे लोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुसार अस्थाई नियुक्तियों से युवाओं का भविष्य असुरक्षित–सरकार से इंगेजमेंट पॉलिसी वापिस लेने का किया आग्रह।
- भाजपा कोर कमेटी का गठन–नड्डा, जयराम और अनुराग ठाकुर समेट 12 सदस्य शामिल।
- सभी स्कूलों में संविधान दिवस मनाना अनिवार्य–शिक्षा निदेशालय ने जारी किए दिशा–निर्देश।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार